<u>पाठ - 5 वाक्य विचार</u>

1. वाक्य की परिभाषा क्या है ?
उत्तर - शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं ।

2. वाक्य के कितने अंग होते हैं ?
उत्तर - वाक्य के दो अंग होते हैं - उद्देश्य तथा विधेय ।

3. उद्देश्य किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।
उत्तर - वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाए, वह उद्देश्य कहलाता है ।
<u>उदाहरण</u> - मान्या ने गीत सुनाया ।   <u>उद्देश्य</u> - मान्या ।

4. विधेय किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।
उत्तर - वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, वह विधेय कहलाता है ?
<u>उदाहरण</u> - लेखक कहानी लिख रहा है ।   <u>विधेय</u> - कहानी लिख रहा है ।

5. उद्देश्य का विस्तार किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।
उत्तर - जो शब्द उद्देश्य की विशेषता बताने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे उद्देश्य का विस्तार कहलाते हैं ।
<u>उदाहरण</u> - एक सुंदर लड़की हँस रही है ।   <u>उद्देश्य का विस्तार</u> - एक सुंदर ।

6. विधेय का विस्तार किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।
उत्तर - जो शब्द क्रिया के कर्म या विशेषण होते हैं , वे विधेय का विस्तार कहलाते हैं ।
<u>उदाहरण</u> - मोर पंख फैलाकर नाच रहा है ।   <u>विधेय का विस्तार</u> - पंख फैलाकर ।

**** Do everything in your Hindi Grammar copy in good handwriting.**